**दिल्ली सरकार**, रा.रा.क्षे.दिल्ली

**कार्यालय महानिदेशक ( कारागार ) : दिल्ली**

कारागार मुख्यालय : नियर लाजवंती गार्डन चौक, जनक पुरी : नई दिल्ली -64

---

| | | |
|---|---|---|
| **अपीलकर्ता** | : | श्री नरेन्द्र मीणा पुत्र श्री राम अवतार |
| **आर.टी.आई कम्र संख्या** | : | 10553- के दिनांक 05/12/2022 |
| **अपील कम्र संख्या** | : | 02 दिनांक 09/01/2023 |

आर.टी.आई. आवेदन, जन सूचना अधिकारियों के द्वारा प्रदान किये गये ज्ञापन और प्रथम अपील का अवलोकन किया। अपील के माध्यम से अपीलकर्ता ने बताया है कि जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-1, 2, 7, 11 से 13 व 15 से ज्ञापन प्राप्त नहीं हुए है तथा जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या- 4, 5, 10 तथा जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-(प्रथम), कारागार मुख्यालय, तिहाड से प्राप्त सूचना पर असंतुष्टि दर्ज की है।

फाइल पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से पता चलता है कि सभी जन सूचना अधिकारियों/अधीक्षकों के द्वारा अपीलकर्ता को ज्ञापन प्रदान कर दिये गये है यद्यपि अपीलकर्ता को इनकी प्रतियॉ अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-4, 5, 10 व जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-(प्रथम), कारागार मुख्यालय, तिहाड के द्वारा प्रदान किये गये ज्ञापन संतोषजनक है।

जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-1, 2, 7, 11 से 13 व 15 को आदेश दिया जाता है कि वह अपीलकर्ता को पुन: से ज्ञापन की प्रति इस आदेश की प्राप्ति के 7 दिन के भीतर प्रदान करें।

तदनुसार अपील निस्तारित की जाती है।

यदि अपीलकर्ता आदेश से संतुष्ट नहीं है, तो वह 90 दिनों के भीतर माननीय केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबागंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली-110067 के समक्ष दूसरी अपील कर सकता है।

8/2/23

**उप महानिरिक्षक कारागार ( )/**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**

**श्री नरेन्द्र मीणा पुत्र श्री राम अवतार**

OL

F10(3476489)/ID-**10553-K**/CJ/Legal/2023/799-813 Dated: 08.02.2023

<u>आवश्यक सूचना/कार्यवाहीं के लिए प्रतिलिपि:-</u>

1. जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-कारागार संख्या-1 से 5 व 7 से 15.